NavBhaskar News
खबर हर पल की....









प्रतिस्पर्धा के समापन सत्र के मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारूदत्तारेय थे। उनके साथ श्री अनिल विज, गृहमंत्री, हरियाणा सरकार गेस्ट ऑफ़ ऑनर की भूमिका में उपस्थित रहे। उन्होने सभी प्रतिभागियों का अपने संबोधन से उत्साह वर्धन किया तथा प्रथम और द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को मंच से सम्मानित किया व स्थान प्राप्त करने वाली टीम की मेडल व सर्टिफिकेट भी दिए। प्रिंसिपल डॉ कृष्ण कांत के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की सेंट जॉन एंबुलेंस बिग्रेड व रेडक्रॉस इकाई की प्राथमिक उपचार में प्रशिक्षित विद्यार्थियों की टीम ने अंबाला में सम्पूर्ण हुई इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास के संचालक डा जयपाल सिंह, यूथ रेडक्रास के समन्वयक श्री सुभाष तथा सेंट जॉन एम्बुलेंस के समन्वयक डा देवेंद्र ने भी सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी।